CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 144 ▫ रायपुर, बुधवार 17 जून 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## कोरिया में खौफनाक वारदातः रेत तस्करी विवाद में भाजपा नेता और भाई को कार में जिंदा जलाया, 2 की हुई मौत

### पुलिस ने 4 आरोपियों को हिरासत में लिया

**कोरिया, 17 जून (हाईवे चैनल)।** रेत तस्करी के विवाद ने खूनी रूप ले लिया। सोनहत थाना क्षेत्र के नौगई गांव में भाजपा के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष भरत सिंह उर्फ लल्ला सिंह को घर के बाहर फॉर्च्यूनर कार में जिंदा जला दिया गया। उनके भाई और शिक्षक नागेंद्र सिंह की भी इलाज के दौरान मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि भरत सिंह के रिश्तेदार ने नौगई रेत घाट का ठेका लिया था। रेत खनन को लेकर भाजपा नेता मनोज त्रिपाठी के परिवार से पुराना विवाद था। देर रात करीब 12 बजे मनोज त्रिपाठी से जुड़े लोगों ने भरत सिंह के घर को घेर लिया। आरोप है कि हमलावरों ने डंपर लगाकर फॉर्च्यूनर कार का रास्ता रोका, फिर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। कार में भरत सिंह, भाई नागेंद्र सिंह, रायपुर निवासी वीरू सिंह और एक अन्य व्यक्ति सवार थे। आरोपियों ने उन्हें बाहर निकलने का मौका नहीं दिया। इस दौरान भरत सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों घायलों को अंबिकापुर ले जाया गया, जहां नागेंद्र सिंह ने दम तोड़ दिया। वीरू सिंह समेत दो घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। घटना की



सूचना पर सरगुजा रेंज आईजी दीपक झा देर रात कोरिया पहुंचे। घटनास्थल से कार का साइड मिरर और चप्पल मिले हैं। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दो दिन पहले भी दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। मनोज त्रिपाठी के भाई निशांत त्रिपाठी ने उत्कर्ष सिंह, लवकुश सिंह और मयंक सिंह पर एफआईआर दर्ज कराई थी। इनमें लल्ला सिंह के परिवार के सदस्य भी शामिल बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि भरत सिंह पहले रामचंद्र सिंहदेव के करीबी थे, बाद में भाजपा में आए। मनोज त्रिपाठी को भाजपा विधायक रेणुका सिंह का करीबी माना जाता है। क्षेत्र में तनाव का माहौल है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए सरगुजा रेंज के आईजी रात में ही मौके पर पहुंचे. पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें अक्षय त्रिपाठी, विशाल त्रिपाठी, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और मन्नू त्रिपाठी शामिल हैं. बाकी तीन फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है. आरोपी भी भाजपा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि मामले में मरने वाले भरत सिंह गहरवार उर्फ लल्ला सिंह आरोपी मनोज त्रिपाठी के बीच दोनों भाजपा नेताओं के बीच रेत को लेकर विवाद था. दोनों भाजपा नेताओं के बीच रेत उत्खनन को लेकर विवाद था। लल्ला सिंह आरोपी मनोज त्रिपाठी 3 अन्य लोगों के साथ मंगलवार की दोपहर आपसी झड़प भी हुई थी, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई थी।

### किसी भी दोषी को नहीं बख्शा जाएगाः मुख्यमंत्री

कोरिया जिले में रेत उत्खनन को लेकर हुए विवाद में भाजपा नेता भरत सिंह गहरवार और उनके करीबी वीरू सिंह गहरवार की हत्या के मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। इस मामले में आरोपी भी गिरफ्तार हुए हैं। किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

कोरिया जिले के सोनहत तहसील अंतर्गत ग्राम कटगोड़ी में मंगलवार की रात को हुई दिल दहला देने वाली घटना पर कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधा है. कांग्रेस प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में रेत का व्यापार भाजपा नेताओं के बीच गैंगवार का कारण बन गया है. कोरिया जिले में हुई घटना में भाजपा नेता ने दूसरे भाजपा नेता और उसके भाई और साथियों को फॉर्च्यूनर में बंदकर पेट्रोल डालकर जिंदा जला डाला. दरअसल, पूरे प्रदेश में रेत का खूनी खेल चल रहा है. सत्ता के संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने कहा कि एक पखवाड़े पहले जांजगीर-चांपा जिले में घर में घुसकर दो भाइयों को गोली मार दी जाती है. पूरे प्रदेश में खुलेआम खूनी मंजर चल रहा है रेत के घाटों में. और सरकार सोई हुआ है. सरकार का संरक्षण है. सरकार में बैठे लोग पैसा कमाने के लिए पूरे प्रदेश में रेत के धंधे में खूनी मंजर फैलाए हुए हैं।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दिया जवाब

*कोरिया जिले में घटित घटना को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि घटना की पूरी जांच होगी. घटना में जो तथ्य आयेंगे उसके आधार पर कार्रवाई होगी. वहीं घटना पर कांग्रेस के बयान को दुर्भाग्यजनक बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने प्रदेश का अपराधीकरण किया. कांग्रेस घटना का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रही है।*

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल को हाईकोर्ट से झटका

### आचार संहिता उल्लंघन करने का आरोप, याचिका निरस्त करने की मांग खारिज




**बिलासपुर, 17 जून (हाईवे चैनल)।** हाईकोर्ट ने भूपेश बघेल की चुनाव याचिका को निरस्त करने की मांग को खारिज कर दिया है. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर अब हाईकोर्ट में मेरिट के आधार पर सुनवाई होगी. याचिका में आरोप है कि मुख्यमंत्री रहते भूपेश बघेल ने आचार संहिता का उल्लंघन किया था, जिसके आधार पर उनके निर्वाचन को शून्य घोषित करने की मांग की गई है. मामले में जस्टिस रवींद्र कुमार अग्रवाल की सिंगल बेंच में सुनवाई हुई. मामले की अगली सुनवाई 23 जून को होगी।

दरअसल, दुर्ग सांसद व पाटन में भाजपा प्रत्याशी रहे विजय बघेल ने भूपेश बघेल की विधायकी खत्म करने के लिए चुनाव याचिका लगाई है. साल 2024 में लगाई गई इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि साल 2023 के विधानसभा चुनाव के दौरान वोटिंग से ठीक पहले प्रचार बंद होने की अवधि में भूपेश बघेल ने अपने समर्थकों के साथ पाटन क्षेत्र में रैली और रोड शो किया था. इस दौरान उन्होंने चुनावी नारे लगवाए और वोट मांगकर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 126 का सीधा उल्लंघन किया, जिसका वीडियो भी बनाया गया था. मामले की सुनवाई के दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल की तरफ से 16 बिंदू पेश कर बताया कि याचिका चलने योग्य नहीं है. याचिकाकर्ता ने जो भी आरोप लगाए हैं, उसका कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है और न ही आचार संहिता उल्लंघन करने का कोई साक्ष्य पेश किया गया है. याचिका खारिज करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में आवेदन दिया था, कोर्ट ने याचिका चलने के लिए पर्याप्त आधार मानते हुए आवेदन खारिज कर दिया था।

इससे पहले हाईकोर्ट से एक अन्य अर्जी खारिज होने के बाद भूपेश बघेल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें हाईकोर्ट के सामने दोबारा याचिका की मेंटेनेबिलिटी पर नए सिरे से आवेदन लगाने की छूट दी थी. इसी निर्देश के तहत उन्होंने हाईकोर्ट में आवेदन लगाया था, जिसे अब हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

### गुजरात में भीषण सड़क हादसा

## बस और ट्रक के बीच टक्कर, 10 की मौत, 26 से ज्यादा घायल




**नई दिल्ली, 17 जून (न्यूज चैनल)।** गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे ने कई परिवारों की खुशियां छीन लीं. मृतकों में एक 9 साल का बच्चा भी शामिल है। गुजरात के वडोदरा में कोटंबी स्टेडियम के पास एक भीषण सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 26 से अधिक यात्री घायल हो गए. बालाजी ट्रेवल्स की एक लग्जरी बस राजस्थान के बाड़मेर से सूरत की ओर जा रही थी, उसमें करीब 45 यात्री सवार थे। वडोदरा में बस सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार से पूरा इलाका गूंज उठा. सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई. घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. सभी घायलों को एसएसजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे के कारण इलाके में लंबा जाम लग गया, जिसे हटाने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें जुटी हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसके चलते मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

### रेस लगा रहे ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, 6 की मौत, 2 घायल

उझानी कोतवाली क्षेत्र में बुधवार दोपहर भीषण सड़क दुर्घटना हो गई. जिसमें 6 लोगों की मौत हो गई है. वहीं दो लोग घायल हुए हैं. ये हादसा दो ट्रैक्टरों के चलते होना बताया जा रहा है. हादसे में घायलों दो लोगों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. इधर पुलिस दोनों ट्रैक्टर चालकों की तलाश है. जानकारी के मुताबिक कछला और उझानी के बीच भूलपुर क्षेत्र में हाईवे पर दो ट्रैक्टर चालक रेस लगा रहे थे. जिसकी चपेट में ई-रिक्शा आ गई. ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी. जिसें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची।

## चाकू की नोक पर 10 लाख की लूट, ठेकेदार के अकाउंटेंट से नकदी से भरा बैग छीनकर लुटेरे फरार

**रायपुर, 17 जून (हाईवे चैनल)।** राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में मंगलवार रात चाकू की नोक पर 10 लाख रुपये की लूट की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। बाइक सवार बदमाशों ने ठेकेदार के अकाउंटेंट को सुनसान रास्ते में रोककर नकदी से भरा बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित सागर डेहरिया एक ठेकेदार के यहां अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत है। मंगलवार रात वह सेरीखेड़ी से नया रायपुर की ओर करीब 10 लाख रुपये नकद लेकर जा रहा था। इसी दौरान मंदिर हसौद थाना क्षेत्र के एक सुनसान मार्ग पर बाइक सवार बदमाशों ने उसका पीछा किया और रास्ता रोक लिया। पीड़ित के मुताबिक, आरोपियों ने चाकू दिखाकर उसे धमकाया और उसके पास मौजूद नकदी से भरा बैग छीन लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी तेज रफ्तार बाइक से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही मंदिर हसौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। साथ ही आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं।प्राथमिक जांच में पुलिस को आशंका है कि बदमाशों को नकदी ले जाने की पहले से जानकारी थी। ऐसे में इस बात की भी जांच की जा रही है कि कहीं वारदात में किसी परिचित या मुखबिर की भूमिका तो नहीं रही। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है और जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

### पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल 125 अधिकारियों-कर्मचारियों को किया गया इधर से उधर

**बलरामपुर, 17 जून (हाईवे चैनल)।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने स्थानांतरण आदेश जारी करते हुए कुल 125 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का तबादला किया है। जारी आदेश के अनुसार, 10 सहायक उप निरीक्षकों (एएसआई) का स्थानांतरण किया गया है। इसके अलावा 15 प्रधान आरक्षकों को भी नई पदस्थापना दी गई है। वहीं 85 आरक्षकों और 15 महिला आरक्षकों का भी विभिन्न थाना व चौकियों में तबादला किया गया है। यह तबादला बलरामपुर, रामानुजगंज, राजपुर, शंकरगढ़, चलगली, कुसमी, सनावल सहित जिले के कई थाना क्षेत्रों में किया गया है। जानकारी के अनुसार, प्रशासनिक दृष्टिकोण और लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यस्थल परिवर्तन के उद्देश्य से यह आदेश जारी किया गया है।


### रायपुर एयरपोर्ट पर बड़ी घटना, एयर इंडिया के विमान से टकराई चिड़िया, नहीं हुई कोई क्षति



**रायपुर-** रायपुर एयरपोर्ट से आज सुबह दिल्ली से रायपुर आ रही एयर इंडिया के विमान के साथ लैंडिंग के वक्त चिड़िया टकरा गई. गनीमत रही कि इस घटना से किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुई, घटना की वजह से एयर इंडिया के विमान ने दो घंटे की देरी से उड़ान भरी।

## छत्तीसगढ़ के 12 जिलों में बारिश का अलर्ट

**रायपुर, 17 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में मानसून की एंट्री से पहले तापमान में बढ़ोतरी का दौर जारी है. इस बीच मंगलवार को राजधानी रायपुर के कुछ इलाकों में अंधड़ के साथ बारिश तो कहीं बूंदाबांदी हुई. इसके बाद तेज धूप के कारण रात तक उमस से लोग परेशान होते रहे. बिलासपुर में पारा 42 डिग्री तक पहुंच गया है. मौसम विभाग ने जानकारी दी कि उत्तरी इलाकों में अधिकतम तापमान 2 डिग्री तक बढ़ा है. संभावना है कि अगले 5 दिनों तक हलकी से मध्यम बारिश, बादल गरजने और तेज हवा चल सकती है. मंगलवार को कुछ स्थानों पर बारिश हुई. लोकल सिस्टम के कारण बस्तर में 5 सेमी पानी गिरा. इसके अलावा 3 सेमी करपावंड, जशपुरनगर, रामानुजनगर और दरभा में 2 सेमी और सक्ती, मनोरा, कोंडागांव में 1 सेमी वर्षा दर्ज की गई।



मंगलवार के बाद बुधवार को भी रायपुर में बारिश हो सकती है. आज सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं. मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार, अंधड़ और बारिश हो सकती है. वहीं अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं. मौसम विभाग ने आज सुबह बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर और कोरिया में बादल गरजने, आकाशीय बिजली, तेज हवा और बारिश को लेकर संभावना जताई है. इन इलाकों में यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## अस्पताल में 200 रुपये के बिल पर बवालः मरीज ने लहराया चाकू, तोड़फोड़ कर कर्मचारियों को धमकाया

**बिलासपुर, 17 जून (हाईवे चैनल)।** बिलासपुर के तिफरा स्थित न्यू जनता अस्पताल में 200 रुपये के बिल भुगतान को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि इलाज कराने पहुंचे युवकों ने अस्पताल परिसर में हंगामा कर दिया। आरोप है कि उन्होंने चाकू लहराते हुए अस्पताल कर्मचारियों और सुरक्षा गार्ड को धमकाया तथा तोड़फोड़ भी की। घटना के बाद मामला पुलिस तक पहुंचा, जहां सिरगिट्टी पुलिस ने दो नामजद आरोपियों सहित अन्य के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस के मुताबिक, बोरी फैक्ट्री के पास तिफरा निवासी नारायण मिश्रा न्यू जनता अस्पताल में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि 15 जून की रात वह अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान रात करीब 12:20 बजे दो युवक इलाज कराने अस्पताल पहुंचे थे। इलाज के बाद दोनों युवक बिल भुगतान को लेकर अस्पताल के कर्मचारियों वाशु और प्रियंका से विवाद करने लगे। अस्पताल परिसर में बढ़ते विवाद को देखकर गार्ड नारायण मिश्रा ने दोनों को समझाने और बहस बंद करने के लिए कहा। शिकायत के अनुसार, गार्ड की बात सुनकर दोनों युवक भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि उन्होंने अपने पास रखा धारदार चाकू निकाल लिया और उसे लहराते हुए गार्ड को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद दोनों अस्पताल से बाहर निकल गए। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी 20 जून को ओडिशा दौरे पर, संताली पवित्र स्थल पर करेंगे पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली, 17 जून (न्यूज चैनल)। राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 जून को ओडिशा के मयूरभंज जिले में संताली समुदाय के पवित्र स्थल गोसानी में पूजा-अर्चना करेंगे। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। प्रधानमंत्री राष्टपति मुर्मू के ससुराल वालों के पैतृक गांव पहाड़पुर का दौरा करेंगे। इसके साथ ही राष्टपति के 68वें जन्मदिन पर पारंपरिक संताली अनुष्ठानों में भाग लेंगे। उस दिन दोपहर के आसपास मोदी के पहाड़पुर के हेलीपैड पर उतरने और फिर गोसानी जाने की उम्मीद है, जहां वे और मुर्मू प्रार्थना करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री के दौरे से एक दिन पहले, 19 जून को राष्ट्रपति के पास के रायरांगपुर पहुंचने का कार्यक्रम है। पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित और संताली भाषा की शोधकर्ता दमयंती बेशरा के अनुसार, गोसानी एक पूजनीय ग्राम देवता और पूर्वजों की आत्माओं तथा सामुदायिक नेताओं के आध्यात्मिक संरक्षकों का स्थान है।



### नीट यूजी 2026 री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम बैन के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट पहुंचा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म, आज होगी सुनवाई

**नई दिल्ली, 17 जून (न्यूज चैनल)।** नीट यूजी री-एग्जाम से पहले टेलीग्राम ऐप पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध को लेकर अब खुद मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम ने अदालत का रुख किया है। प्रतिबंध के फैसले को चुनौती देते हुए टेलीग्राम की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। बुधवार को टेलीग्राम की ओर से यह मामला तेजस करिया के समक्ष पेश किया गया। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति दे दी है। इस मामले पर बुधवार को ही कोर्ट में सुनवाई होगी।

सरकार के निर्देश के बाद गूगल ने अपने गूगल प्ले स्टोर से टेलीग्राम ऐप को हटा दिया है। सूत्रों के मुताबिक, एप्पल भी जल्द इस आदेश का पालन कर सकती है। इस बीच पावेल दुरोव ने सरकार के इस फैसले पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने प्रतिबंध को अनुचित बताते हुए कहा कि केवल टेलीग्राम पर रोक लगाने से समस्या का समाधान नहीं होगा, क्योंकि अपराधी दूसरे प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर सकते हैं। दुरोव ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत में टेलीग्राम के करीब 15 करोड़ यूजर्स इस रोक से प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रतिबंध लगाने से समस्या खत्म नहीं होगी, क्योंकि गलत काम करने वाले लोग दूसरे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल शुरू कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी एक ऐप पर कार्रवाई करने के बजाय समस्या के मूल कारणों और जिम्मेदार लोगों पर ध्यान देना जरूरी है। उनके मुताबिक, इस तरह की कार्रवाई से गतिविधियां केवल दूसरे प्लेटफॉर्म पर स्थानांतरित हो सकती हैं।

CMYK